आकाशवाणी श्री विजयपुरम

14.03.2025 समय : 1850

- रंगों का त्यौहार होली आज पूरे देश के साथ द्वीपसमूह में भी पारंपरिक उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनायी जा रही है।
- प्रशासन के मुख्य सचिव डॉ. चंद्र भूषण कुमार ने मरीना पार्क क्षेत्र में मोबाइल लाइब्रेरी वैन का उद्घाटन किया।
- कैम्पबेल बे के बी–क्वारी तट पर कछुआ महोत्सव का आयोजन।
- अंडमान निकोबार कॉलेज महोत्सव,एन्को फेस्ट– कल से जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय मैदान में शुरू होगा।

<><><><><><>

रंगों का त्यौहार होली आज पूरे देश के साथ द्वीपसमूह में भी पारंपरिक उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनायी जा रही है। यह त्यौहार वसंत ऋतु के आगमन और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। यह एकता और सद्भावना को बढ़ावा देता है। कल होलिका दहन के साथ इस त्यौहार की शुरूआत हुई। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने होली पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति ने अपने संदेश में कहा कि यह त्योहार खुशियां और उत्साह लेकर आता है। उप–राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि होली बुराई पर अच्छाई की जीत और वसंत ऋतु के आगमन का प्रतीक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने संदेश में कहा है कि हर्षोल्लास और आनन्द से भरा यह त्यौहार सभी के जीवन में नए उत्साह और ऊर्जा का संचार करता हैं। द्वीपसमूह में भी होली का पर्व बड़े ही उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। आज लोगों ने एक–दूसरे को रंग लगाकर होली की बधाई दी। श्री विजयपुरम के कार्बाइंस कोव में भारी संख्या में लोगों ने एक साथ मिलकर होली मनाई। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।

<><><><><><>

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने विश्व दृश्य–श्रव्य और मनोरंजन शिखर सम्मेलन–वेव्स दो हजार पच्चीस के अंतर्गत क्रिएटर अर्थव्यवस्था के लिए एक अरब डॉलर के कोष की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि एक से चार मई तक मुंबई में होने वाला यह कार्यक्रम क्रिएटर समुदाय को एक मंच प्रदान करेगा। श्री वैष्णव ने कल नई दिल्ली में वेव्स दो हजार पच्चीस पर एक उच्च स्तरीय सत्र को संबोधित किया। सूचना और प्रसारण मंत्रालय के इस सत्र का उद्देश्य वेव्स दो हजार पच्चीस से पहले अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को शामिल करना था। श्री वैष्णव ने यह भी बताया कि पहला भारतीय रचनात्मक प्रौद्योगिकी संस्थान–आईआईसीटी मुंबई के गोरेगांव में फिल्म सिटी के पास स्थापित किया जाएगा। इस अवसर पर विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर ने कहा कि वेव्स मीडिया और मनोरंजन उद्योग के लिए चर्चा, सहयोग और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में काम करेगा। उन्होंने कहा कि यह आयोजन उद्योग जगत के प्रतिनिधियों, हितधारकों और नवप्रवर्तकों को एकजुट करेगा ताकि वे अवसरों का पता लगा सकें, चुनौतियों का समाधान कर सकें और क्षेत्र के भविष्य को आकार दे सकें।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन के मुख्य सचिव डॉ. चंद्र भूषण कुमार ने कल मरीना पार्क क्षेत्र में मोबाइल लाइब्रेरी वैन का उद्‌घाटन किया। अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने मोबाइल लाइब्रेरी की अवधारणा को बड़े पैमाने पर फैलाने के लिए शिक्षा विभाग के प्रयास की सराहना की। उन्होंने कहा कि मोबाइल लाइब्रेरी का उद्‌घाटन बच्चों और सभी आयु वर्गों के बीच पढ़ने की आदत डालने के लिए प्रशासन का एक प्रयास है। उन्होंने कहा कि स्कूली बच्चों को विभिन्न विषयों पर विभिन्न प्रकार की पुस्तकें पढ़नी चाहिए, जिससे उन्हें अपनी क्षमता और योग्यताओं को पहचानने में मदद मिलेगी। मुख्य सचिव ने इच्छा व्यक्त की कि मोबाइल लाइब्रेरी को अन्य द्वीपों में भी उपलब्ध कराया जाना चाहिए। शिक्षा निदेशक विक्रम सिंह ने कहा कि मोबाइल लाइब्रेरी सेवा राज्य पुस्तकालय की विस्तार सेवाओं में से एक है, जो सुविधाओं के साथ ग्रामीण क्षेत्र में पढ़ने की आदतों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। शिक्षा निदेशालय ने मरीना पार्क में मोबाइल लाइब्रेरी वैन के लिए एक नया स्टेशन शुरू किया है। इस पहल का उद्देश्य द्वीपसमूह के आगंतुकों, छात्रों और आम जनता को सेवाएं प्रदान करना है। मोबाइल लाइब्रेरी में प्रतियोगी परीक्षा की पुस्तकें, खेल से संबंधित पुस्तकें, बच्चों की लघु कथाएँ, जीवनी, विभिन्न भाषाओं में क्षेत्रीय पुस्तकों सहित लगभग एक हजार आठ पुस्तकों का संग्रह उपलब्ध है। मोबाइल लाइब्रेरी सेवा का उद्‌घाटन शिक्षा विभाग द्वारा साक्षरता को बढ़ावा देने की एक पहल है। कार्यकम में शिक्षा सचिव एल. कुमार, सतर्कता सचिव नीरज भारती, एपीडब्ल्यूडी सचिव पूर्वा गर्ग, शिक्षा विभाग के अधिकारी और स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

<><><><><><><>

कैम्पबेल बे के बी–क्वारी तट पर कल कछुआ महोत्सव मनाया गया। महोत्सव का विषय था 'सभी वर्गों के लोगों की भागीदारी से समुद्री कछुओं के संरक्षण की दिशा में एक पहल'। निकोबार वन प्रभाग द्वारा आयोजित कछुआ महोत्सव अभियान अपनी तरह का पहला कार्यक्रम था। कार्यकम में पंचायत समिति के प्रमुख ई.एस. राजेश मुख्य अतिथि थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने समुद्री कछुओं की अनूठी प्रजाति लेदरबैक कछुए के संरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि पूरे भारतीय क्षेत्र में जी एन आई और लिटिल अंडमान के समुद्र तटों पर ही लेदरबैक कछुआ घोंसला बनाते हैं। उन्होंने निकोबार वन प्रभाग द्वारा शुरू किए जा रहे संरक्षण के प्रयास में पंचायती राज संस्थाओं के सदस्यों और आम जनता के सहयोग का आश्वासन दिया। निकोबार प्रभाग के प्रभागीय वन अधिकारी और सहायक वन संरक्षक ने इस तरह के अनूठे महोत्सव के आयोजन के उद्देश्य के बारे में जानकारी दी। प्रतिभागियों और स्कूली छात्रों द्वारा लेदरबैक समुद्री कछुए के कुल चालीस नए अंडे और ओलिव रिडले समुद्री कछुए के दो सौ बच्चों को सुरक्षित रूप से समुद्र में छोड़ा गया। इस महोत्सव में लगभग बीस स्कूली छात्रों और शिक्षकों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

बहुप्रतीक्षित अंडमान निकोबार कॉलेज महोत्सव, एन्को फेस्ट– स्पर्धा 2.0, कल से श्री विजयपुरम के जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय मैदान में शुरू होगा। महोत्सव का उद्‌घाटन फुटबॉल टूर्नामेंट से होगा। इस महोत्सव का उद्‌देश्य विद्यार्थियों की प्रतिभाओं को उजागर करना, उनमें आत्मविश्वास बढ़ाना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देना है। एन्को फेस्ट विभिन्न कॉलेजों के छात्रों के बीच संबंधों को बढ़ावा देने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है, जिससे उन्हें अपनी प्रतिभा और क्षमताओं का आंकलन करने का अवसर मिलता है। इस वर्ष के उत्सव में रचनात्मकता, प्रतिभा और खेल कौशल का प्रदर्शन किया जाएगा। इसमें तकनीकी पोस्टर प्रस्तुतियाँ, सांस्कृतिक प्रदर्शन, खेल टूर्नामेंट और रचनात्मक प्रतियोगिताओं सहित कई रोमांचक कार्यक्रम शामिल होंगे।

<><><><><><><>

द्वीपों में तापमान में वृद्धि के कारण श्री विजयपुरम और दक्षिण अंडमान के आसपास के क्षेत्रों में शाम के समय बिजली की बढ़ती मांग को देखते हुए विद्युत विभाग ने आम जनता के लिए परामर्श जारी किया है। विभाग ने सभी उपभोक्ताओं को शाम के समय बिजली की कमी को देखते हुए ऊर्जा का किफायती उपयोग करने की सलाह दी है। लोगों से शाम साढ़े पांच बजे से रात साढ़े दस बजे तक एसी, मोटर, ग्रीसर, गार्डन लाइटिंग जैसे प्रमुख बिजली की खपत करने वाले उपकरणों को बंद करने का अनुरोध किया गया है। इससे विभाग को श्री विजयपुरम और दक्षिण अंडमान के आसपास के क्षेत्रों में बिना कटौती के बिजली की आपूर्ति बनाए रखने में मदद मिलेगी।

<><><><><><><>

राज्य स्तरीय डी जी पी कप टी–ट्वेंटी लीग–कम–नॉकआउट क्रिकेट टूर्नामेंट सीज़न–3 कल से शुरू हो रहा है। टूर्नामेंट का उद्घाटन कल श्री विजयपुरम के नेताजी स्टेडियम में शाम तीन बजे होगा।

<><><><><><><>